समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# RCB टीम खरीदने की अटकलों पर बोले डीके शिवकुमार – “मै पांगल नहीं हूं, मुझे रॉयल चैलेजं की जरूरत नहीं”.

Publisher

Published on 11 Jun 2025



## कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने आरसीबी टीम खरीदने की अफवाहों, जातिगत जनगणना और बेगंलुरु भगदड़ पर खुलकर बात की।

**बेगंलुरु: आईपीएल 2025** में **रॉयल चैलेजंर्स बेगंलुरु (RCB)** की ऐतिहासिक जीत के बाद कर्नाटक की राजनीति में हलचल मच गई थी। सोशल मीडिया पर कयास लगाए जा रहे थे कि कर्नाटक के **डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार RCB टीम खरीद** सकते हैं। अब इन अटकलों पर खुद डीके शिवकुमार ने प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने साफ कहा, “**मै पांगल नहीं हूं। मुझे RCB की जरूरत नहीं है, मै रॉयल चैलेजं भी नहीं पीता**।”

**डीके शिवकुमार** ने बताया कि वह बचपन से **कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन** के सदस्य हैं लेकिन उनके पास इतना समय नहीं है कि वह आईपीएल टीम के प्रबंधन का हिस्सा बनें। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें कुछ प्रस्ताव जरूर मिले थे, लेकिन वह इससे दूर रहना चाहते हैं।

**बेगंलुरु भगदड़ पर जवाब देने से किया इनकार**

4 जून को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर **RCB की जीत का जश्न** मनाते वक्त भगदड़ में 11 लोगों की मौत और 56 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस घटना पर सवाल पूछे जाने पर डीके शिवकुमार ने कहा, “मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता क्योंकि यह मामला जांच के अधीन है और न्यायपालिका इसमें शामिल है।”

उन्होंने यह जरूर कहा कि भीड़ प्रबंधन को लेकर एक नई नीति लाई जा रही है ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

**जातिगत जनगणना पर क्या बोले डीके शिवकुमार ?**

डीके शिवकुमार ने **जातिगत जनगणना** पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "हमने समाज के सभी वर्गों से आंकड़े जुटाए हैं। रिपोर्ट पुरानी हो सकती है लेकिन हमने उस पर काफी पैसा खर्च किया है।"

उन्होंने यह भी बताया कि 22 जून 2025 को इस विषय पर अंतिम निर्णय लेना था, लेकिन कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें दिल्ली बुलाकर विस्तृत जानकारी मांगी है।

**दिल्ली मे हुंई कांग्रेस नेतृत्व से मुलाकात**

**डीके शिवकुमार** और **मुख्यमंत्री सिद्धारमैया** ने 10 जून को दिल्ली में **कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे** और **नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी** से मुलाकात की। इस दौरान RCB भगदड़, **जातिगत जनगणना** और राज्य के राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.